हम वतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था।
- दिव्या देशमुख

भारतीय शतरंज खिलाड़ी, महिला विश्वकप जीतने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — रिंकू सिंह

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीएसए पद पर नियुक्ति में उनकी शैक्षिक योग्यता आड़े आ रही है, जिसके चलते उनकी फाइल रोक दी गई है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगे जो भी निर्देश होंगे, उस आधार पर कदम उठाए जाएंगे। खेलों के लिए सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। विगत आठ सालों में एक तरफ ग्रामीण स्तर तक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है तो दूसरी तरफ पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानजनक पुरस्कार राशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने इस सीरीज में कुल तीन हजार एक सौ अठानवे रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका का रिकॉर्ड तोड़ा है।

आकाश दीप के जोश भरे जश्न ने सबका ध्यान खींचा

लंदन, 1 अगस्त। आकाश दीप के जोश भरे जश्न ने आज द ओवल में रौनक बिखेर दी, जब भारतीय तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को एक तेज गेंद पर आउट किया और उसके बाद एक ऐसा जश्न मनाया जिसने सबका ध्यान खींचा। यह घटना पांचवें और अंतिम टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 13वें ओवर में हुई। डकेट ने एक साहसी रिवर्स स्कूप की कोशिश की और गेंद किनारे से लगकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास पहुंच गई, जिसके बाद आकाश दीप ने जश्न मनाया, आउट हो रहे बल्लेबाज की ओर बढ़े और उसके सामने ही मुट्ठी बांधी, फिर उसके कंधे पर हाथ रखकर कुछ विदाई शब्द कहे। केएल राहुल ने गेंदबाज को धीरे से दूर खींचकर मामला बिगड़ने से रोका। हालांकि यह जश्न आक्रामक से ज्यादा जोश भरा लग रहा था, लेकिन इसकी तीव्रता के कारण मैच अधिकारियों की नजर इस पर पड़ सकती है। डकेट के 38 गेंदों पर 43 रन बनाकर आउट होने से जैक क्रॉली के साथ उनकी 92 रनों की ओपनिंग साझेदारी टूट गई और इंग्लैंड की सहज शुरुआत में भारत को पहली सफलता मिली। इस सलामी बल्लेबाज़ की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल थे, जिससे इंग्लैंड ने सिर्फ 13.1 ओवर में 93/1 रन बना लिए।

शार्दुल ठाकुर करेंगे पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी

मुम्बई, 1 अगस्त। पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। टीम में मुंबई के सात खिलाड़ी, गुजरात के चार, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के दो-दो खिलाड़ी को जगह दी गई हैं। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है।

भारतीय टीमों ने लंदन 2026 विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

कोलकाता, 1 अगस्त। भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू के राष्ट्रीय टेबल टेनिस केंद्र में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद, लंदन में 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रत्येक लिंग के लिए केवल 16 प्रतिष्ठित एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण, दांव बहुत ऊंचा था। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया - जो अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने आज कहा, भारतीय टीमों ने अपनी गहराई और दबदबे का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जगह पक्की करने में कोई गलती नहीं की। दोनों भारतीय टीमें पांच देशों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपराजित रहीं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठता और पुष्ट हुई।

वोक्स टेस्ट के बाकी मैच से बाहर

लंदन, 1 अगस्त। क्रिस वोक्स ओवल में पहले दिन लगाए गए डाइव के दौरान अजीब तरह से जमीन पर गिरने के बाद अपने बाएं कंधे में चोट लगा बैठे जिसके बाद वह बाकी मैच से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल से पहले एक बयान में कहा, इस समय, इस चोट के कारण वह आगे टेस्ट मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। उन्होंने मिड-ऑफ से गेंद का पीछा किया और डाइव लगाकर गेंद को वापस रस्सियों के अंदर खींच लिया। लेकिन वह अजीब तरह से जमीन पर गिरे और तुरंत ही अपना बायां कंधा पकड़े हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड, जो पहले से ही इस मैच में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की सेवाओं से वंचित है, के पास अब केवल तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प होंगे - जोश टंग, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन। लेकिन उन्होंने भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेट दिया । वोक्स, जिन्होंने सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है, पूरी सीरीज में इंग्लैंड के लिए एक बेहतरीन गेंदबाज़ रहे हैं। उन्होंने 181 ओवर फेंके - दोनों टीमों में किसी और से ज्यादा और 11 विकेट लिए।

आरसीए सीनियर वर्ग फिटनेस स्किल सेशन (यो-यो) शुरू

जयपुर 1 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई की आगामी सीनियर राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आज से जयपुर में राज्य के सीनियर खिलाडियों (पुरुष) का फिटनेस स्किल सेशन (यो-यो) आयोजित किया जा रहा है। आज पहले दिन लगभग 40 खिलाडियों ने आरसीए द्वारा आयोजित किये जा रहे फिटनेस स्किल सेशन (यो-यो) में आरसीए की सीनियर टीम के फिजियो मगन सिंह, ट्रेनर राम सैनी व आरसीए अंडर 23 टीम के ट्रेनर अखिल गर्ग के निर्देशन में भाग लिया।

सिराज और कृष्णा ने इंग्लैंड को 247 रन पर रोका

हैरी ब्रूक व जायसवाल ने खेली अर्द्धशतकीय पारी, भारत का स्कोर 75/2

लंदन, 1 अगस्त। ओवल टेस्ट का दूसरा दिन भारतीय टीम के नाम रहा। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम इंडिया ने अंठोजों पर 52 रन की बढ़त बना ली है। स्टंप्स तक भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 51 और नाइट वॉचमैन आकाश दीप 4 रन के स्कोर पर नाबाद लौटे।

साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर चल रहे मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 23 रन की बढ़त बनाई थी। टीम 247 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर जैक क्रॉली ने 64, हैरी ब्रूक ने 53 और बेन डकेट ने 43 रन बनाए। भारत से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 4-4 विकेट मिले। एक विकेट आकाश दीप के खाते में आया। क्रिस वोक्स चोट के कारण बैटिंग करने नहीं उतरे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की (चार-चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को तीसरे सत्र में 247 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। हालांकि इंग्लैंड को 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल ले ली है।

चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड का आठवां विकेट गस ऐटकिंस (11) के रूप में गिरा। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। 247 के स्कोर पर सिराज ने हैरी ब्रूक को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी का अंत किया। हैरी ब्रूक ने 64 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। चोटिल क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए नहीं आये। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज 16.2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिये।

वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट झटके। एक बल्लेबाज को आकाश दीप ने आउट किया। इससे पहले सुबह के सत्र में भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड ने बैजबाल अंदाज में तूफानी शुरुआत की। उसके दोनों ओपनरों ने 12.5 ओवरों में 92 रन की शानदार शुरुआत कर डाली। लेकिन दूसरे सत्र में भारत ने छह विकेट लेकर शानदार वापसी की।

प्रशिक्षक बनने के लिए देनी होगी परीक्षा : डॉ. नीरज कुमार पवन

ओलंपिक 2036 के लक्ष्य को लेकर प्रशिक्षकों की नियुक्ति

जयपुर, 1 अगस्त। राजस्थान में पहली बार राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा चार नये खेलों को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। घुड़सवारी, क्याकिंग एण्ड कैनोइंग, योगा और मलखम्भ के खेलों के प्रशिक्षको की भर्ती की जायेगी। इससे पहले कभी भी इन खेलों के प्रशिक्षक परिषद में कार्यरत नहीं थे, लेकिन अब राज्य के विभिन्न स्थानों पर इन खेलों के प्रशिक्षक शीघ्र ही कोचिंग देते नजर आयेगें।

डॉ. नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने कहा कि इनमें कई खेल ओलम्पिक में शामिल है। इन खेलों के प्रशिक्षको की भर्ती करने से वर्ष 2036 ओलम्पिक खेलों में राजस्थान के खिलाडियों को भी तैयारी का पूर्ण मौका मिलेगा। क्याकिंग एण्ड कैनोइंग का उदयपुर में अच्छा स्कोप जबकि मलखम्भ और योगा तो पूरे भारत में खेले जा रहे है। घुड़सवारी के लिए किसी प्राईवेट क्लब से टाईअप करके खिलाडियों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी।

उन्होने बताया कि विभिन्न खेलों में 140 प्रशिक्षको की नियुक्ति की जायेगी। स्वीकृत पदो मे सर्वाधिक पद 18 एथलेटिक्स के है। इसके अलावा कुश्ती

के 4, हॉकी के 8, तीरन्दाजी के 7, बास्केटबॉल के 15, वॉलीबॉल एवं कबड्डी के 7-7, फुटबॉल के 9, हैण्डबॉल के 8, जिम्नास्टिक एवं बॉक्सिंग के 3-3, भारोत्तोलन के 2, साईक्लिंग, क्रिकेट, टेनिस के 2-2, तैराकी के 5, बैडमिन्टन के 5, खो-खो के 5, शूटिंग के 10, टेबल टेनिस के 4, घुड़सवारी के 5, क्याकिंग एण्ड कैनोइंग के 3, वूशू, योगा और मलखम्भ के 2-2 प्रशिक्षको की नियुक्ति की जायेगी।

प्रशिक्षको की नियुक्ति लिखित परीक्षा और स्किल व फिटनेस टेस्ट के आधार पर की जायेगा। 100 अंको का जनरल नॉलेज का पेपर होगा, जिसमे जियोग्राफी, इतिहास, कल्चरल, करंट अफेयर्स आदि का पेपर होगा और दूसरा पेपर स्पोर्ट्स एजूकेशन का पेपर होगा। दोनो पेपर 100-100 नम्बर के होंगे। इसके बाद खेल परिषद् द्वारा प्रशिक्षको का स्किल व फिटनेस टेस्ट लिया जायेगा। यह फिटनेस टेस्ट भी 100 नम्बर का होगा, जबकि प्रशिक्षको की उपलब्धियो के आधार पर ही 50 नम्बर तय किये गये है। तद्पश्चात् ही वे प्रशिक्षक के पद पर चयन के पात्र होंगे। फिटनेस टेस्ट सेना और बाहर के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों द्वारा स्किल व फिटनेस टेस्ट लिया जायेगा।

डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि इनमें कुछ और भी खेलों को जोडा जाना सम्भव है। इस संबंध में बातचीत की जा रही है। फाईनल होना बाकी है। उन्होने बताया कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 की तैयारियों के संबंध में कहा कि शीघ्र ही खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सवाई मानसिंह स्टेडियम व पूर्णमा यूनिवर्सिटी आदि स्थानों का दौरा करेगें और इन खेलों के लिए सुविधाओं का जायजा लेगें।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, खेल मंत्री, राजस्थान सरकार ने बताया भर्तियों में निष्पक्षता व पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए तृतीय श्रेणी प्रशिक्षकों की भर्ती को लेकर पहली बार इस भर्ती का आयोजन राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से करवाया जा रहा है। लिखित परीक्षा, खेल कौशल, खेल उपलब्धि व अनुभव को वरीयता प्रदान करते हुए योग्य प्रशिक्षकों की भर्ती हो, ऐसा सरकार का प्रयास है।

एआईएफएफ ने बनाया खालिद मजील को भारतीय टीम का मुख्य कोच

नई दिल्ली, 1 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति (ईसी) ने खालिद जमील को सीनियर पुरुष

भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। महासंघ की तकनीकी समिति की सिफारिश पर आज बुलाई गई वर्चुअल बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाये जाने का फैसला लिया गया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यकारी और तकनीकी समितियों के सदस्यों, दोनों द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच बिमल घोष और अरमांडो कोलासो और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली की उपस्थिति में, एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पॉल ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के चयन के लिए खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविच के नामों का प्रस्ताव रखा। इस दौरान हुई चर्चा में सदस्यों ने तीनों नामों पर विचार करने के बाद लगातार दो बार में एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर कोच बनाया गया। भारत को इस महीने के आखिर में सीएएफए नेशंस कप 2025 में भाग लेना है, जिसके बाद अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ लगातार दो एएफसी एशियन कप फाइनल राउंड क्वालीफायर मैच खेलने हैं।

खेल परिषद के क्रिकेट अकादमी में कंटीली झाड़ियों का अंबार, सुविधा के नाम पर जीरो

जयपुर, 1 अगस्त। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद क्रिकेट मैदान की हालत बहुत ही ज्यादा खराब है कि इस बरसात के मौसम में भी क्रिकेट अकादमी में आने वाले क्रिकेट प्रेक्टिस करने वाले छोटे बच्चों को कंटीली झाड़ियों में से होकर गुजरना पड़ता है। पहले खिलाड़ियों को कहा जाता था कि "कम एंड प्ले" अब कहा जाता है "पे एंड प्ले"। इसके बावजूद राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद क्रिकेट मैदान को देखकर लगता ही नहीं है कि यह मैदान क्रिकेट प्रेक्टिस करने वाली अकादमी का है। मैदान के अंदर ओर मैदान के बाहर बढ़े हुए पेड़, हर तरफ़ कचरा बिखरा हुआ पड़ा हुआ है। मैदान में प्रेक्टिस करने आने वाले खिलाड़ियों के पैरों पर कंटीले झाड़ लगते हैं। अगर किसी खिलाड़ी द्वारा शॉट लगाया जाता है तो फील्डर को गेंद वापस लेकर आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो गेंद झाड़ियों में दिखती नहीं है। न मैदान की घास कटी हुई है और ना ही बरसात का पानी निकालने का कोई इंतेज़ाम है साथ ही नेट फटे हुए हैं। पूरे अकादमी का हाल बेहाल पड़ा हुआ है। इन सभी परेशानियों को देखकर भी किसी अधिकारी, कर्मचारी, कोच ओर ग्राउंड स्टाफ ने ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की।

हेनरी के कहर से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट में नौ विकेट से पीटा

बुलावायो, 1 अगस्त। मैट हेनरी (कुल नौ विकेट) और मिचेल सैंटनर (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में कल के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में विलियम ओरूर्क ने निक वेल्च (चार) और विनसेंट मसेकेसा (दो) को आउटकर जिम्बाब्वे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन इसके शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। मिचेल सैंटनर ने शॉन विलियम्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। शॉन विलियम्स ने 66 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैट हेनरी ने क्रेग इरविन (53 गेंदों में 22 रन) और सिकंदर रजा (पांच) को अपना शिकार बना लिया। न्यूमैन न्यामहुरी (एक), ब्लेसिंग मुजारबानी (19) और टी तिसगा (27) को आउटकर जिम्बाब्वे को 67.1 ओवर में 165 के स्कोर पर समेट दिया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिये।

मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट-धोनी और रोहित के साथ दिखेंगे लियोनेल मेसी

मुंबई, 1 अगस्त। फुटबॉल की दुनिया का बादशाह और अर्जेंटीना के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान लियोनेल मेसी 14 साल लंबे अंतराल के बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। 13 से 15 दिसंबर के बीच अपने तीन दिन के भारत दौरे पर मेसी कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे।मेसी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेसी भारत के स्टार क्रिकेट खिलाड़ियो के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच में मेसी के साथ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एम एस धोनी जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। सात-साथ खिलाड़ियों वाली टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दर्शकों मेसी की ड्रिब्लिंग की जगह क्रिकेट का क्लास देखने का मौका मिलेगा। ये भारतीय क्रिकेट और फुटबॉल फैंस के लिए एक अनोखा नजारा होगा। एमसीएके एक अधिकारी ने बताया कि, मेसी 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। संभावना है कि व पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों के साथ एक क्रिकेट मैच भी खेलेंगे। आयोजक जल्द ही सभी औपचारिकताओं के फाइनल होने के बाद पूरा शेड्यूल जारी करेंगे। मेसी इससे पहले साल 2011 में भारत आए थे। उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। 14 साल बाद मेसी भारत आ रहे हैं तो उनके फैंस बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे हैं।

यूएई, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला 29 से

कराची, 1 अगस्त। पाकिस्तान इस महीने के अंत में 29 अगस्त से शारजाह में शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में एशिया कप से पहले होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी, और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। दोनों टीमें शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पांच बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं, जिसमें पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को तीन बार हराया है, जबकि अफगानिस्तान दो बार विजयी रहा है। पाकिस्तान इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रहा है। उसे पिछली सीरीज में बांग्लादेश से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच, अफगानिस्तान ने आखिरी बार दिसंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में हिस्सा लिया था, जब उसने जिम्बाब्वे को तीन मैचों की श्रृंखला में 2-1 से हराया था। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई भी मई में बांग्लादेश के खिलाफ यादगार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीत के बाद इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहा है।

राजस्थान राज्य सब जूनियर बालिका फुटबॉल चैम्पियनशिप

बीकानेर, झुंझुनूं, नागौर और जयपुर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

जयपुर, 1 अगस्त। आज राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम पर राजस्थान राज्य सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता आरंभ हुई। संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि टूर्नामेंट में राजस्थान की नो टीमें भाग ले रही है आज खेले गए प्रीक्वार्टर मुकाबले में झुंझुनूं ने जोधपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एकमात्र प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झुंझुनूं ने जोधपुर को 11- 0 से पराजित किया मनीषा 2 गोल, दीपिका 1 गोल, अपर्णा 4 गोल, रिया ने 4 गोल, किये । पहला क्वार्टर: फाइनल मैच मुकाबला में बीकानेर ओर भीलवाड़ा मध्य मैच था पर भीलवाड़ा टीम नहीं आने से बीकानेर को वॉक ओवर मिला। दूसरा क्वार्टर: फाइनल मैच में झुंझुनू ने हनुमानगढ़ को 10-0 पराजित किया। झुंझुनूं की तरफ से रिया 6 गोल , अर्पणा 4 गोल, किए । तीसरे क्वार्टर : फाइनल मैच में नागौर ने अजमेर को 3 - 1 से पराजित किया राधिका, अनुराधा, रुचिका, ने एक एक गोल किए अजमेर की तरफ से कोमल ने एकमात्र गोल किया। आज सेमीफाइनल में बीकानेर का मुकाबला झुंझुनू से और नागौर का मुकाबला जयपुर से होगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सुबह सेमीफाइनल और शाम को 4 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा।

जयपुर ने गत विजेता श्रीगंगानगर को हराया

राजस्थान राज्य सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता के आज खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जयपुर की टक्कर गत विजेता श्रीगंगानगर से हुई। दोनों ही टीमों ने मैच के प्रारंभ होते ही एक दूसरे पर हमले करना शुरू कर दिया। जहां गंगानगर की टीम पावर गेम से खेल रही थी वहीं जयपुर की टीम ने स्किलफुल

गेम खेला। फर्स्ट हॉफ में मैच के 30 वे मिनट में जयपुर ने गंगानगर की टीम पर जोरदार हमला किया और डी में गंगानगर की डिफेंडर के हाथ लगने से जयपुर को पेनल्टी मिली लेकिन इस अहम मौके पर जयपुर की फॉरवर्ड के शॉट को श्रीगंगानगर की गोलकीपर ने शानदार तरीके से रोक कर अपनी टीम पर जयपुर को बढ़त लेने से रोक लिया। मध्यांतर तक दोनों टीमों का स्कोर 0 - 0 रहा। मध्यांतर के बाद जयपुर ने और भी सधी फुटबॉल खेली और उनके खिलाड़ियों ने छोटे-छोटे पास बनाकर गंगानगर टीम पर दबाव बनाना शुरू किया जिसके फलस्वरूप मैच के 72 मिनट में जयपुर की फारवर्ड वेदांशी ने डी से बॉल अपने कब्जे में लेते हुए एकांकी प्रयास से शानदार मैदानी गोल मार कर अपना और टीम का पहला गोल किया। जवाब में श्रीगंगानगर की टीम ने कुछ अच्छे आक्रमण किये लेकिन जयपुर की मजबूत रक्षा पंक्ति जिसमें डिफेंडर कप्तान तनीषा और गोलकीपर पायल यादव ने अहम योगदान दिया और विपक्षी टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। अंत में मैच जयपुर ने 1 - 0 के स्कोर से जीत लिया।